दिनांकः 29.01.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2025–2026 पेश करेंगी।
- विधानसभा में आज राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े के अभिभाषण पर चर्चा की जाएगी।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों से खेती के साथ–साथ मछली, भेड़ और मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में आगे आने का आह्वान किया।
- जैसलमेर में मरू महोत्सव और डूंगरपुर में बेणेशवर मेले की आज से शुरूआत।
- प्रदेश में कड़ाके की ठंड के बीच अधिकांश स्थान कोहरे की चपेट में–11 जिलों में आज घने कोहरे का येलो अलर्ट।

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2025–26 पेश करेंगी। मुख्य आर्थिक सलाहकार के मार्ग दर्शन में वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग ने इस सर्वेक्षण को तैयार किया है। आर्थिक सर्वेक्षण देश की मौजूदा अर्थिक स्थिति और भविष्य के दृष्टिकोण की एक व्यापक समीक्षा है। केंद्रीय बजट 2026–27 आगामी रविवार को पेश किया जाएगा। बजट सत्र का पहला चरण अगले महीने की 13 तारीख तक चलेगा।

विधानसभा में आज राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े के अभिभाषण पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा सदन के पटल पर वित्त विभाग की छह और गृह विभाग की पांच अधिसूचनाएं रखी जाएंगी। राजस्थान जन आधार प्राधिकरण और सड़क परिवहन निगम सहित छह वार्षिक प्रतिवेदन और लेखे प्रस्तुत किये जाएंगे। सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग कार्य सलाहकार समिति के 16वें प्रतिवेदन का उपस्थापन करेंगे।

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि राजस्थान के कृषि प्रधान जिलों में खेती के विकास की योजना बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इनमें बीकानेर, श्रीगंगानगर, चूरू और हनुमानगढ़ जिले शामिल हैं। श्री चौहान कल बीकानेर में एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने किसानों से कृषि के साथ–साथ मछली, भेड़ और मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में भी आगे आने को कहा।

...............

केन्द्रीय कृषि मंत्री बीकानेर के राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र भी गये। उन्होंने वैज्ञानिकों और अधिकारियों के साथ संवाद किया। इस दौरान केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल भी मौजूद रहे।

नीति आयोग के संपूर्णता अभियान का दूसरा चरण कल से शुरू हुआ। आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम ने नई दिल्ली में इस अभियान का शुभारंभ किया। तीन महीने के इस अभियान का उद्देश्य देशभर के आकांक्षी जिलों और आकांक्षी ब्लॉकों में महत्वपूर्ण विकास सुनिश्चित करना है। ये अभियान वर्ष 2024 के अभियान की सफलताओं को आगे बढ़ाते हुए 112 आकांक्षी जिलों में पांच प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों और 513 आकांक्षी ब्लॉकों में छह संकेतकों की व्यापकता सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। इन संकेतकों के दायरे में स्वास्थ्य और पोषण, स्वच्छता, शिक्षा, मातृ तथा शिशु स्वास्थ्य, तपेदिक मामलों की पहचान और पशु टीकाकरण जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्र आते हैं। यह अभियान 14 अप्रैल तक चलेगा।

प्रदेश में लगाये जा रहे ग्राम उत्थान शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को कृषि विभाग सहित 13 विभागों की योजनाओं का लाभ मौके पर ही पहुंचाया जा रहा है। ये शिविर 31 जनवरी तक आयोजित किये जाएंगे। इनमें किसानों को तारबंदी, फॉर्म पौंड, फसल बीमा और सॉइल हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराये जा रहे हैं। डीग से हमारी संवाददाता ने बताया कि इन शिविरों में बड़ी संख्या में किसान पहुंच रहे हैं।

...............

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल नई दिल्ली में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की। उन्होंने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती, आधारभूत स्वास्थ्य ढांचे के विस्तार और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की। श्री शर्मा ने ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से भी भेंट की। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री से मेट्रो विस्तार, शहरी यातायात और ऊर्जा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विमर्श किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में विकसित किए जा रहे विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

जैसलमेर का विश्वविख्यात मरू महोत्सव आज से शुरू हो गया है। यह महोत्सव एक फरवरी तक जैसलमेर, पोकरण, सम और खुहड़ी में आयोजित किया जाएगा।। पोकरण में नेपालेश्वर महादेव मंदिर में आरती के साथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस दौरान कई रोचक प्रतियोगिताएं और सांकस्कृतिक आयोजन होंगे।

...............

डूंगरपुर में माही–सोम और जाखम नदियों के संगम स्थल पर बेणेश्वर मेला आज से शुरू हो रहा है। आदिवासियों का महाकुंभ कहे जाने वाले इस मेले में देश–प्रदेश के सुदूर इलाकों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। मुख्य मेला एक फरवरी को भरेगा।

...............

प्रदेश में आज कड़ाके की ठंड के बीच कई स्थान घने कोहरे की चपेट में है। इससे यातायात और आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। सवाईमाधोपुर, भरतपुर सहित अन्य स्थानों पर सड़क यातायात पर असर पड़ा है। सड़क के साथ रेलमार्ग भी प्रभावित हुआ है। भीलवाड़ा में धुंध के साथ सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। चूरू में कोहरे से दृश्यता काफी कम बनी हुई है। करौली से हमारे संवाददाता ने बताया कि कोहरे के कारण वाहनों की गति धीमी रही।

...............

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 11 जिलों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। इनमें शेखावाटी क्षेत्र तथा उत्तर–पूर्व के जिले शामिल हैं। विभाग ने 31 जनवरी से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना जताई है। इसके प्रभाव से राज्य के उत्तर–पूर्वी भागों में कहीं–कहीं गरज के साथ हल्की बारिश का पूर्वानुमान है।